कार्यालय नगर परिषद् मधुसूदनगढ़, जिला गुना (म.प्र.)

क्रमांक/स्था./न.प./2023/30 मधुसूदनगढ़ दिनांक 17/01/2023

म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 4316/863014/2020/18-1 भोपाल दिनांक 23.09.2022 से दिये गये निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा दिनांक 01.06.2021 को मप्र नगर पालिका संविदा अनुबंध तथा सेवा शर्त नियम 2021 में अधिसूचित किये गये पदों में से नगर परिषद मधुसूदनगढ में 01 वर्ष के लिये पूर्णतः अस्थाई तौर पर पदों की पूर्ति किया जाना है। पदो का विवरण निम्नानुसार है।

पदनाम	पद संख्या				योग	न्यूनतम शैक्षणिक आर्हता	देय मानदेय
	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि. व.			
1	2	3	4	5	6	7	8
कम्प्यूटर ऑपरेटर	02	-	-	-	02	पी.जी.डी.सी.ए. तथा कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणी परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र एवं 01 वर्ष का कार्य अनुभव	10000 प्रतिमाह
ऑफिस असिस्टेंट	02	-	-	-	02	12वी कक्षा उत्तीर्ण तथा कम्प्यूटर प्रचालन के संबंध में दक्षता प्रमाण परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र एवं 01 वर्ष का कार्य अनुभव	10000 प्रतिमाह
वाहन चालक	02	-	-	-	02	10 वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा हेवी / लाईट मोटर व्हीकल चलाने का लायसेंस 01 वर्ष का कार्य अनुभव	8000 प्रतिमाह
इलेक्टशियन	01	-	-	-	01	संबंधित ट्रेड में आई. टी. आई. 01 वर्ष का कार्य अनुभव	10000 प्रतिमाह
स्चछता सहायक	04	01	01	01	07	5वी. कक्षा उत्तीर्ण एवं 01 वर्ष का कार्य अनुभव	8000 प्रतिमाह

1. सम्पूर्ण पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही चयन समिति के माध्यम से की जावेगी। 2. चयन समिति द्वारा नियुक्ति संविदा नियुक्ति के संबंध में लिये गये समस्त निर्णय अभ्यर्थियों के लिये बंधनकारी एवं मान्य होगें। 3. संविदा के लिये किसी अभ्यार्थी की आयु नियुक्ति वर्ष को जनवरी के प्रथम दिन को न्यूनतम 21 वर्ष तथा नियुक्ति के समय आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। 4. संविदा नियुक्ति के लिये आवेदन नियत प्रारूप में ही मान्य किया जायेगा जो विज्ञप्ति के साथ संलग्न है। 5. संविदा नियुक्ति के लिये समस्त आवेदन पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद् मधुसूदनगढ़ जिला गुना के पिन कोड 473287 के नाम से पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जाये। तथा कार्यालीन कार्य दिवसों में नगर परिषद् कार्यालय में समय प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक जमा किये जा सकते है। 6. आवेदन पत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 05/02/2023 है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा। 7. चयनित व्यक्तियो को सेवा में उपस्थित होने के पूर्व अनुसुची 6 अनुसार निर्धारित प्रारूप में अनुबंध करना अनिवार्य होगा। 8. संविदा नियुक्ति के संबंध में अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 9. पूर्व से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को योग्यता अनुसार वरीयता दी जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद् मधुसूदनगढ़ जिला गुना म.प्र.